हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल शुक्रवार 22 दिसंबर 2023

04 संवैधानिक पदों की अवमानना के विरोध में भाजपा ने...



05 नई बस स्टैंड पर एसडीएम, एसडीओपी की मौजूदगी...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2700 | 4100 |
| गेहूं 1544 | 2340 | 3000 |
| चना | 5100 | 6201 |
| मसूर | 5000 | 5850 |
| सोयाबीन | 3200 | 4642 |
| सरसों | 4000 | 5400 |
| धान | 1600 | 4381 |
| तुअर | 3300 | 3300 |
| मूंग | 6000 | 62000 |
| मैथी | 4000 | 4000 |
| उड़द | 4020 | 4700 |

## खबर संक्षेप

### अधिनियम के बारे में दिया प्रशिक्षण

**विदिशा।** गुरुवार को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के संबंध में जैन कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रो रविंद्र सिंह दांगी उपस्थित रहे। बच्चों को गुड टच, बेड टच तथा चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 के बारे में बताया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता हैं।

### आयोजन 24 को

**विदिशा।** राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन 24 दिसम्बर को शिवनगर की शासकीय उचित मूल्य दुकान प्रियदर्शनी महिला उपभोक्ता भंडार विदिशा में दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है।

### सात ब्लैक स्पॉट जहां सड़क निर्माण एजेंसियों ने दूर नहीं की खामियां

# तकनीकि खामियां ले रहीं जान

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक महज एक दिखावा बनकर रही गई है। जब भी बैठक होती है वही पुराने मुद्दों पर चर्चा की जाती है। ऐसा होगा... वैसा किया जाएगा, लेकिन धरातल पर कुछ भी होता दिखाई नहीं दे रहा है। पिछली बार समिति की बैठक में निर्माण एजेंसियों को ब्लॉक स्पॉट चिन्हित कर कमियां दूर करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसमें अब तक न तो अधिकारियों ने रुचि दिखाई न ही निर्माण एजेंसियां सामने आईं। इसका खामियाजा आम लोगों और वाहन चालकों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में स्टेट हाईवे और नेशनल हाईवे की खामियां लोगों की जान पर भारी पड़ रही हैं। दोनों ही तरह के हाईवे पर सात ब्लैक स्पॉट हैं। जहां पिछले तीन सालों में 48 लोगों की जान जा चुकी है। खासकर नेशनल हाईवे पर चार ब्लैक स्पॉट हैं। जहां पर एनएचएआई ने अतिक्रमण अंधेरा और अंधे मोड़ जैसे तकनीकि खामियों को दूर नहीं किया है। जिससे आए दिन वाहनों के टकराने के कारण हादसे होते हैं।

पिछले तीन सालों में जिन स्थानों पर ज्यादा हादसे हुए हैं उनमें विदिशा नेशनल हाईवे पांझ की सड़क, नया गोला पेट्रोल पंप से गुरोद सड़क, ग्यारसपुर थाना ग्राम मढ़ीपुर नेशनल हाईवे, देहात बासौदा, बंजारी माता बरेठ रोड, कुरवाई स्टेट हाईवे बीना पुलिया से लायरा के बीच, कुरवाई स्टेट हाईवे भौरासा पेट्रोल पंप के पास, कुरवाई मेहलुआ चौराह पर सबसे अधिक सड़क हादसे होते हैं। इसी साल 17 मार्च को हुई सड़क सुरक्षा सप्ताह की बैठक में निर्णय हुआ था की बायपास पर अहमदपुर जोड़ पर स्ट्रट लगाया जाए। गुलाबगंज रोड पर सोलर ऊर्जा व बैठरी युक्त हाईमास्ट लाइट लगाई जाएगी। जिले के हाईवे पर से अतिक्रमण हटाया जाएगा। बैठकों में बातें तो बहुत की गईं, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं हुआ।

### लोग मर रहे हैं...धरातल पर भी कुछ करके दिखाओ साहब...

#### सबसे ज्यादा हादसे मेहलुआ चौराहे पर

जिले में चिन्हित सात ब्लैक स्पॉट में मुख्य रूप से मेहलुआ चौराह क्षेत्र में तीन सालों में सबसे ज्यादा 21 हादसों में सबसे ज्यादा 14 की मौतें हुई हैं। इकसे अलावा बीना पुलिया से लायरा के बीच चिन्हित ब्लैक क्षेत्र में 10 हादसों में 13 मौतें हुई।

इसी तरह ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के मढ़ीपुर के पास 6 हादसों में 6 मौतें, नटेरन थाना क्षेत्र के नया गोला पेट्रोल पंप से गुरोद सड़क पर 8 सड़क हादसों में 6 मौत, बासौदा देहात थाना क्षेत्र के बंजारी की माता बरेठ रोड पर 6 हादसों में 3 मौतें, कुरवाई थाना क्षेत्र के भैरासा पेट्रोल पंप के पास 6 हादसों में 4 मौतें, और सिविल लाइन थाना क्षेत्र में ग्राम पांझ सड़क के सामने कुल तीन हादसों में 2 मौतें हुई हैं। यह आंकड़े तो सिर्फ मार्च तक के हैं। मार्च के बाद दिसंबर तक नौ माह में अनेक हादसे इन स्थानों पर हुए हैं और कई लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है।






विदिशा। स्कूली ऑटो में इस तरह से बच्चों को ठूंस ठूंस कर बैठाकर ले जाया जाता है।

#### स्कूली ऑटो में लटक रहे बच्चे

स्कूली ऑटो में बच्चे लटक लटक कर स्कूल पहुंच रहे हैं। यहां तक की ड्राइवर वाली सीट पर भी बच्चों को बैठाया जा रहा है। स्कूली ऑटो संचालकों को भी नियम कायदों की परवाह नहीं हैं, क्योंकि न तो यातायात पुलिस कार्रवाई करती और न ही आरटीओ अधिकारी द्वारा नियमों का पालन कराया जाता।

#### सांसद निधि से सात लाख हुए थे स्वीकृत

गुलाबगंज रोड कुआखेड़ी पर हाईमास्ट लाइट लगाने के लिए सांसद निधि से 7 लाख रुपए की राशि भी स्वीकृत हो चुकी है। 19 मार्च को सांसद निधि से यह राशि देने की अनुसांश की गई। इस राशि से गुलाबगंज रोड पर बैटरी सोलर पैनल सहित हाई मास्ट लाइट लगाई जाना थीं, लेकिन आज तक यह काम नहीं हो सका।

#### दिए हैं अतिक्रमण हटाने के आदेश

बुधवार को हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने शहर की मुख्य सड़कों से सख्ती से अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। यातायात विभाग के अमले को पुलिस की मदद से शहर के मुख्य बाजार में कार्रवाई करना चाहिए। शहर में जगह जगह सालों से मुख्य बाजार में ठेले खेड़े हो रहे हैं। जिनके कारण जाम की स्थिति बनती हैं। वहीं व्यापारियों ने भी कई स्थानों पर सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है। लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ नहीं होता। हालांकि पूर्व कलेक्टर पंकज जैन ने इस दिशा में काम किया था।

## उचित मूल्य की दुकान के ताले टूटे, चोर ले उड़े माल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कस्बा बागरोद



कस्वा बागरोद में बुधवार की रात चोरों ने धावा बोलकर शासकीय उचित मूल्य की दुकान से चावल, गेहूं पर हाथ साफ कर दिया। सेल्समेन सुरेंद्र रघुवंशी ने बताया कि दुकान मे करीब 22 क्विंटल गेहूं और चावल स्टाक में रखा था। जिसमें से करीब 12 क्विंटल 34 किलो को चोर ले गए। यह घटना करीब रात 2 बजे की बताई जा रही है। चोर इतने बेखौफ थे की बोलेरो पिकअप में भरकर ले गए।

**गांव में है पुलिस चौकी:**

चोरी की घटना कई बार हो चुकी है, लेकिन पुलिस सुराग लगाने में नाकाम रही है। सवाल यह है कि चोरों को पुलिस का जरा भी भय नहीं है आए। दिन घटना घट रही है और विभाग चोरों का सुराग तक नहीं लगा पा रहा। लंबे समय से पुलिस विभाग के अधिकारियों से चौकी पर स्टाप की मांग की जा रही है, लेकिन संबंधित अधिकारी इस और ध्यान ही नहीं दे रहे। एक सिपाही के भरोसे पूरी चौकी है। कभी कभार थाने से एक एएसआई आ जाते हैं जो मौके पर रुकते ही नहीं। त्योंदा थाना प्रभारी गौरब वाजपेयी का कहना है मौके पर पहुंचकर जांच की है। हाईवे के सीसीटीवी फुटेज खागलें जा रहें हैं।

## चौथी मंजिल से गिरे मजदूर की भोपाल में इलाज के दौरान मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

2 दिन पहले स्वामी विवेकानंद चौराहे पर निर्माणाधीन एक चार मंजिला इमारत में काम करने के दौरान एक मजदूर करंट लगने के कारण नीचे गिर गया था, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

मजदूर की हालत गंभीर होने पर उसे हॉस्पिटल से भोपाल रेफर किया गया। जहां हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मजदूर की मौत हो गई। विदिशा सांची रोड पर स्थित चार मंजिला बिल्डिंग में करैयाखेड़ा का रहने वाला सुनील अहिरवार काम कर रहा था। काम करने के दौरान वह हाई टेंशन लाइन की चपेट में आ गया। सुनील करंट लगने के बाद चौथी मंजिल से नीचे गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। भोपाल में इलाज के दौरान सुनील ने दम तोड़ दिया। बताया की सुनील के तीन छोटे बच्चे हैं।

## वन विभाग ने लाखों की सागौन जब्त की

हरिभूमि न्यूज ⏭ लटेरी

लटेरी वन विभाग द्वारा बीती रात गस्त के दौरान 2 बाइक सहित सागौन की 22 नग जब्त किए। आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। दूसरी सूचना पर दक्षिण रेंज अंतर्गत धीरगढ़ बीट के जंगल रास्ते पर बाइकों से लकड़ी ले जाते हुए बाइक की लाइट नजर आई। जैसे ही वन अमला लक्कड़ चोरों की तरफ आगे बढ़ा लक्कड़ चोर बाइक से लकड़ी फेंक कर मौके से फरार हो गए। वन अमले द्वारा 24 नग सागौन की चरपट जब्त की गई।

वन विभाग द्वारा कार्रवाई में 2 बाइक सहित 46 नग सागौन चरपट जब्त की है। रेंजर मुकेश केन ने बताया की वन मंडल अधिकारी के निर्देशन में अलग-अलग दल बनाकर लटेरी क्षेत्र के जंगलों में रात्रि गस्त की जा रही है। लगातार वन माफिया के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। जिससे वन अपराधियों पर पूर्ण नियंत्रण लगाया जा सके। लटेरी के जंगलों से भारी मात्रा में सागौन काटी जा रही है।



#### वन कर्मियों पर किया पथराव

लटेरी के दक्षिण रेंज के धीरगढ बीट और उत्तर रेंज लटेरी की आरी बीट में वन माफियाओ के जंगल में होने की सूचना पर घेराबंदी की गई थी। लकड़ी चोरी करने के इरादे से जंगलों में घूम रहे माफियाओं को पकड़ने का जाल बिछाया गया। तभी आरी के जंगल में दूर से बाइक की लाइट दिखाई दीं। आरी बीट के जंगल में घुसते ही कुछ लकड़ी चोर भी दिखाई दिए और उन्होंने वन अमले को देखते ही पथराव चालू कर दिया। वन अमले द्वारा समझदारी से कार्य करते हुए आगे बढ़कर घेराव कर दिया जिससे आरोपी सागौन छोड़कर भाग निकले।

### 4 प्रकरणों में नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने चार प्रकरणों में इनाम देने की घोषणा की है। थाना सिविल लाइन के फरार आरोपी महेन्द्र उर्फ टिन्गी पुत्र रामसिंह यादव निवासी गिरधर कॉलोनी बायपास सागर रोड़ विदिशा, देहात थाना बासौदा के तीन फरार आरोपियों की सूचना देने पर दो-दो हजार रूपए प्रत्येक पर इनाम की उदघोषणा की गई है। थाना पथरिया में दर्ज अपराध में फरार आरोपी कंछेदीलाल अहिरवार पुत्र मोहनलाल पुत्र 55 साल निवासी ग्राम राजपुर थाना पथरिया की तथा थाना सिरोंज में दर्ज अपराध 377 आरोपी हुकुम चंद अंडोरिया पुत्र पूरन सिंह निवासी गली नम्बर पांच पुरूषोत्तम नगर सेमरा रोड़ भोपाल की सूचना देने वालों को भी दो हजार रुपए की नकद राशि प्रदाय की जाएगी।

### जल जीवन व स्वच्छता मिशन की बैठक आज

**विदिशा।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की अध्यक्षता में जल जीवन एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आज सुबह 11.30 बजे से शुरू होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं समिति के सदस्य सचिव संतोष साल्वे ने बताया कि इस बैठक में मुख्य रूप से जल जीवन मिशन के स्वीकृत कार्यो की समीक्षा की जाएगी। उक्त बैठक में वन, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, जल संसाधन, पीआईयू, जल निगम के अधिकारियों को तथा समस्त जल मिशन के ठेकेदारो को उक्त बैठक में शामिल होने सूचना दी गई है।

## चार महीने से वेतन नहीं मिलने से नाराज डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज में काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज में रेसीडेंट डॉक्टरों को पिछले चार महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते डॉक्टरों में नाराजगी है। ऐसे में डॉक्टरों ने वेतन नहीं मिलने पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया।

विदिशा का मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर, सीनियर रेसीडेंट और इंटर्नशिप करने वाले डाक्टरों को सितम्बर से अभी तक वेतन का भुगतान नहीं हुआ है। डीन हर बार आश्वासन देते रहे लेकिन अब तक वेतन नहीं मिला है। वेतन को लेकर डॉक्टरों ने डीन को ज्ञापन देकर दो दिनों में हड़ताल पर जाने के चेतावनी दी थी। इसी के चलते सभी ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। बताया गया कि मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप करने वाले 150 डॉक्टरों, 76 जूनियर रेसीडेंट और सीनियर रेसीडेंट डॉक्टरों को भी चार महीने से वेतन नहीं मिला है। डॉक्टरों का कहना है कि जल्द वेतन की मिला तो हम हड़ताल करेंगे। इस मामले में डीन का कहना है कि बजट आते ही वेतन दे दिया जाएगा।



## टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी का पुतला जलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री कर अपमान करने और राहुल गांधी द्वारा वीडियो बनाकर वायरल करने के विरोध में भाजपा ने माधवगंज चौराहे पर टीएमसी सांसद कल्याण बैनर्जी का पुतला जलाया। विधायक मुकेश टंडन ने कहा कांग्रेस हार के डर से बौखला गई है। 2023 में विधानसभा चुनाव में इनको मुंह की खानी पड़ी है। 2024 में भी कांग्रेस का सुपड़ा साफ होगा। इस डर से लोकतंत्र की रक्षा का नाम लेकर लोकतंत्र का अपमान करने वाले आपके सामने हैं। श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि कांग्रेस के संस्कार हैं वैसा ही उनका काम है। कार्यक्रम में पुतले को आग के हवाले किया। टीएमसी के विधायक और राहुल गांधी के विरोध में जोरदार नारेबाजी हुई।






## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2352
उच्चतम भाव-4035
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2180
उच्चतम भाव-2875
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2220
उच्चतम भाव-2455
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-5700
मसूर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-5730
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-4626
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4360
उच्चतम भाव-4720
सरसों
न्यूनतम भाव-4300
उच्चतम भाव-5575
उड़द
न्यूनतम भाव-4100
उच्चतम भाव-7340
धान
न्यूनतम भाव-1505
उच्चतम भाव-4327
मूंग
न्यूनतम भाव-7530
उच्चतम भाव-7530
ज्वार
न्यूनतम भाव-1610
उच्चतम भाव-6500
मक्का
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900
धना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-6010
बटरी
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-5600

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 21248 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### ग्राम पंचायत मुटर्रा हुई सम्मानित



**गंजबासौदा।** डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत मूल घटकों के कार्यान्वयन में 99 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण करने पर ग्राम पंचायत मुटर्रा को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अशोक शर्मा, जनपद सीईओ भगवान सिंह, तहसीलदार संदीप जायसवाल, अतिरिक्त तहसीलदार सुनीता पटेल, नोडल अधिकारी मनीष अहिरवार, सरपंच नीलम भूपेंद्र सिंह दांगी, सचिव, जीआरएस, मनमोहन सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## केन्द्रीय विद्यालय का नवीन भवन बनकर तैयार......




गंजबासौदा। नगर के त्योंदा रोड पर संचालित हो रहे केंद्रीय विद्यालय का नवीन भवन बनकर तैयार हो चुका है।

## यज्ञशाला का काम अंतिम चरणों में, चल रहा जनसंपर्क



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भगवान श्री रामलला की जन्मभूमि अयोध्या धाम में रघुवंशी समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे 2121 कुंडीय विराट श्री राम महायज्ञ की तारीख जैसे-जैसे करीब आती जा रही है वैसे-वैसे यज्ञ की तैयारियों को अंतिम रूप देने में समाज बंधु जोर-शोर से जुटे हैं। करीब 65 एकड़ क्षेत्र में यज्ञशाला के साथ-साथ टेंट सिटी का निर्माण प्रारंभ हो गया है। यज्ञशाला का निर्माण करीब 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। जनवरी के अंतिम सप्ताह तक यज्ञशाला और टेंट सिटी का निर्माण पूरा हो जाएगा। अयोध्या में कारसेवकपुरम परिक्रमा पथ बड़ी छावनी के पास बन रही यज्ञशाला में 10 फरवरी से 2121 कुंडीय श्रीराम महायज्ञ प्रारंभ हो जाएगा। जिसकी 18 फरवरी 2024 को पूर्णाहुति होगी। महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए जिले के अलावा गुना, अशोकनगर, छिंदवाड़ा, इंदौर, बैतूल, पिपरिया, जबलपुर सहित अयोध्या के सामाजिक बंधु अपना पंजीयन करा रहे हैं। ज्ञात हो कि अयोध्या में भगवान रामलला के 22 जनवरी को भव्य मंदिर में विराजमान होने के पश्चात रघुवंशी समाज द्वारा 10 फरवरी से विराट श्रीराम महायज्ञ आयोजित किया जा रहा है। रघुवंशी समाज के संत यज्ञसम्राट कनक बिहारीदास महाराज द्वारा अयोध्या में भगवान श्री रामलला के नए मंदिर में विराजमान होने पर रघुवंशी समाज से महायज्ञ कराने का संकल्प लिया था। रघुवंशी समाज के युवाओं से लेकर वरिष्ठ जन शहरों से लेकर गांव-गांव संपर्क कर समाज के बंधुओं को यजमान बनाने के लिए संपर्क कर रहे हैं। महायज्ञ की केंद्रीय संचालन समिति में शामिल पूर्व संसदीय सचिव अजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि साकेतवासी कनक बिहारीदास महाराज की अंतिम इच्छा को पूरा करने के लिए समाज महायज्ञ को संपन्न करने के लिए सहयोग कर रहा है। यज्ञ में बैठने वाले यजमानों, सेवा देने वाले कार्यकर्ताओं के आवास और भोजन का विशेष प्रबंध किया गया है। अयोध्या में बड़ी छावनी के पास हो रहे इस महायज्ञ की यज्ञशाला का निर्माण अंतिम चरणों में चल रहा है, जबकि टेंट सिटी का निर्माण प्रारंभ हो गया है। कनक बिहारीदास महाराज के उत्तराधिकारी महंत श्याम दास महाराज एवं अधिकारी लखनदास छोटे बाबा ने बताया कि जनवरी के अंतिम सप्ताह तक यज्ञशाला और टेंट सिटी बनकर तैयार हो जाएगी, 9 फरवरी तक यजमानों को अयोध्या पहुंचने के लिए कहा गया है।

### नगर के जयस्तंभ चौक और त्योंदा में किया गया पुतला दहन

# संवैधानिक पदों की अवमानना के विरोध में भाजपा ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





भारतीय जनता पार्टी द्वारा कांग्रेस एवं विपक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया । ज्ञात हो की विपक्ष द्वारा संसद सत्र में लगातार अवरोध उत्पन्न किया जा रहा है। जिसमें कई सांसदों पर कार्रवाई भी की गई है। इस गतिविधि में विपक्षी सांसदों द्वारा महामहिम उपराष्ट्रपति एवम माननीय लोकसभा स्पीकर महोदय के लिए अपमानजनक कृत्य कर सम्मान को ठेस पहुंचाने का भी प्रयास किया जा रहा है, जिसे कि भाजपा ने संवैधानिक पदों की अवमानना बताते हुए संपूर्ण मध्यप्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जिसके तारतम्य में भाजपा नगर मंडल द्वारा स्थानीय जयस्तंभ चौक पर पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान सांसद कल्याण बैनर्जी, राहुल गांधी एवम कांग्रेस के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन ने कहा कि कांग्रेस न संविधान का सम्मान करती है न ही लोकतंत्र का। वरिष्ठ भाजपा नेता प्रभात शर्मा ने कहा कि महामहिम उपराष्ट्रपति का कांग्रेस एवम विपक्ष द्वारा अपमान करना दुर्भाग्यपूर्ण एवम शर्मनाक है। मंडल अध्यक्ष सनी भावसार ने बताया कि यह प्रदर्शन प्रारंभ है उक्त सांसदों का निर्वाचन शून्य करने हेतु आगे और संघर्ष होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादौन, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव, चंद्रशेखर दुबे, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, प्रभात शर्मा, मनोज यादव, जितेंद्र मीणा, गोविंद पटेल, सनी भावसार, राकेश खटीक, रूपेंद्र शर्मा, अतुल नेमा, मनोज अहिरवार, महेंद्र लोधी, मनीष विश्वकर्मा, नारायण सोनी, रमेश जाट, विवेक अधिकारी, संदीप रघुवंशी , सुनील अहिरवार महिला मोर्चा की सरिता जैन, अंशलेखा भावसार, सरिता रघुवंशी, जयंती रैकवार एवम बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। त्योंदा में भी कार्यकर्ताओं द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। जिसमें त्योंदा के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामबल कुर्मी, त्योंदा मडल अध्यक्ष रोहित पटेल, प्रशांत श्रीवास्तव, मोहन अहिरवार, राहुल राय , शरीफ भाई, अनुज शर्मा सहित भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर बैठक आयोजित



**गंजबासौदा।** ग्राम पंचायत ऊहर में सुबह 10 बजे विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्य क्रम प्रस्तावित है। जिसको लेकर गुरुवार को नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत भवन ऊहर में बैठक आयोजित की गई है। जिसमें ग्राम पंचायत स्तर के समस्त कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## प्राइवेट शालाओं से आगे निकला शासकीय स्कूल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय शालाओं के निरीक्षण में खामियां और अव्यवस्थित प्रबंधन की खबरों के बीच एक शासकीय शाला में शिक्षक की कड़ी मेहनत लगन और परिश्रम के परिणाम नजर आने लगे हैं। शहर से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय कालापठार के बच्चो को देखकर यकायक यकीन करना मुश्किल है कि यह शासकीय शाला के बच्चे है या किसी प्राइवेट कान्वेंट स्कूल के। शाला के बच्चों को प्रधानाध्यापक पृथ्वीसिंह रघुवंशी ने स्वयं और पालकों के सहयोग से टाई और बेल्ट जिन पर शाला का नाम लिखा है, वितरित किऐ हैं। इससे पहले शाला का नाम लिखे हुऐ गणवेश भी अस्सी बच्चों के पास हैं। शासकीय प्राथमिक विद्यालय कालापठार में बच्चों को भोजन करने डाइनिंग हाल , लाइब्रेरी, सरस्वती मंदिर, आरओ वाटर कूलर, एलसीडी टेबिल कुर्सी पर बैठकर प्रोजेक्टर के माध्यम से स्मार्ट क्लास में अध्ययन अध्यापन कराया जा रहा है। यह सब शाला प्रधानाध्यापक पृथ्वीसिंह रघुवंशी ने स्वप्रेरणा और जनसहयोग से किया है इसके लिऐ उनको शिक्षा विभाग से किसी तरह की कोई अतिरिक्त मदद या धनराशि नही दी गई। शाला में पदस्थ शिक्षक भगवान दास अहिरवार और रानी रघुवंशी का कहना है हम सब शाला के बच्चों को अपने बच्चे मानकर पढ़ाई कराते हैं । यह सभी बच्चे हमारे हैं। समय समय पर शासकीय अधिकारी कर्मचारी शाला का निरीक्षण कर शाला को उत्कृष्ट विद्यालय घोषित कर चुके हैं। प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के समर्पण भाव की चहुंओर प्रशंसा हो रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी परता अहिरवार, बीआरसी कपिल तिवारी, विकास खंड योग प्रभारी सैयद शफाकत हुसैन कादरी, सामाजिक कार्यकर्ता आरती अहिरवार ने विकासखंड के सभी शिक्षकों को पृथ्वीसिंह रघुवंशी से प्रेरणा लेकर अपनी अपनी शालाऔ को शासकीय विद्यालय कालापठार जैसा बनाने का संकल्प लेने का आहवान किया है।

### फरार आरोपी पर नकद इनाम की घोषणा

**गंजबासौदा।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा थानों में दर्ज अपराधों के ज्ञात व अज्ञात फरार आरोपियों की सूचना देने वालों को नगद राशि देने की उद्घोषणा की गई है। पुलिस अधीक्षक शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उद्घोषणा के प्रकरण में देहात थाना में दर्ज अपराध में अज्ञात तीन फरार आरोपियों की सूचना देने पर क्रमशः दो-दो हजार रूपए प्रत्येक पर इनाम की उदघोषणा की गई है। सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## छींदधाम के लिए पदयात्रा हुई रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हनुमान महाराज की विशेष कृपा से छींदधाम तक पद यात्रा के क्रम में सफलता पूर्वक तृतीय वर्ष की यात्रा गुरुवार को बड़ी माता मंदिर बघरू बरेठ से निकलकर सुबह मंशापूर्ण हनुमान मंदिर बरेठ रोड से शुरु हुई। डॉ. शैलेंद्र रघुवंशी ने बताया कि पांच दिवसीय यात्रा का रास्ते में कई जगह रात्रि विश्राम होगा और यात्रा सोमवार को छींदधाम पहुंचेगी। उसी दिन शाम को सभी भक्तजन मां नर्मदा में स्नान करेंगे और रात्री विश्राम छींदधाम में होगा। मंगलवार को प्रातः 4 बजे मंगल आरती में सम्मलित होंगे तथा हनुमान महाराज को ध्वजा अर्पित किया जाएगा एवं 9 बजे से भंडारा का आयोजन होगा। पदयात्रा में ग्राम के गणेश प्रसाद पाठक, ब्रजमोहन बबेले, मुकेश गुड्डा पाठक, सुशील शर्मा, मनोज प्रजापत, राजेंद्र नामदेव, संतोष बाबा, दीपक कुशवाह शामिल हुए। इसी यात्रा में गुलाबगंज से लगभग 40 श्रद्धालु शामिल हुए।

### आपका स्वास्थ्य आपकी मुट्ठी में विषय पर सेमीनार आयोजित

# 'भारतीय संस्कृति में भरपेट भोजन कराना प्यार जताने का प्रतीक'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भारतीय संस्कृति में भरपेट भोजन कराना प्यार जताने का प्रतीक है, इस कारण माताये भूख से अधिक खिलाने को शिष्टाचार समझती हैं पर ये प्यार नही दुश्मनी निभाना है। ये बातें माउंट आबू से पधारे ब्रह्माकुमार वेणुगोपाल भाई ने गुरुवार को दादूजी प्लाजा में आयोजित, आपका स्वास्थ्य आपकी मुट्ठी में विषय पर आयोजित सेमिनार में उद्बोधन देते हुआ कहीं। उन्होंने कहा कि कब्ज से मुक्त हो जाये तो नब्बे प्रतिशत बीमारी दूर भाग जायेगी। इसके लिये भोजन मे कच्चे फल सब्जियों को मुख्य आहार बनाना होगा,साथ ही दिन भर मे कम से कम दस से बारह गिलास गुनगुने पानी का सेवन करना होगा। उन्होंने दावा किया कि इस आहारचर्या से माताओं, बहनों की कई समस्यायें समाप्त हो जायेगी। फाइबर और पानी हमारे शरीर से विषैले पदार्थो को बाहर निकालते है। आत्मा सूक्ष्म शक्तियो के जरिये शरीर के प्रत्येक अंग से संवाद करती है। जहां अवरोध होता है वही समस्या पैदा होती है। इसलिए शरीर की कार्यप्रणाली सही रखने के लिये मन का खुश रहना आवश्यक है। नकारात्मक सोच से दूर रहें। ब्रह्मा बाबा का गुप्त पुरुषार्थ और विपत्ति मे भी निश्चिंत अवस्था अनुकरणीय है। जब दिनचर्या, सोच और आहारशैली मे छोटे छोटे बदलाव से बड़ी बड़ी बीमारियों से मुक्त हो सकते हैं, तो सभी इसे जरूर अपनाएंगे। विदिशा से आई बीके कौशल्या बहिन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन चंद्रकुमार तारण ने किया। ज्ञात हो कि वेणुगोपाल भाई पिछले 28 वर्षों से ब्रह्माकुमारी मुख्यालय माउंट आबू में ईश्वरीय सेवा दे रहे हैं। समर्पित बहिनों के जीवन के अनुभव पर वे प्रेरणा श्रृंखला बना रहे हैं, जिसके पांच सौ से अधिक एपिसोड बनकर यू ट्यूब पर उपलब्ध हैं।

### शासकीय विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित



**गंजबासौदा।** शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय खड़ेर द्वारा फूफैर विद्यालय में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं निशुल्क दवाएं वितरित की गई। बच्चों को पोषण के बारे में जानकारी दी गई जैसे खान पान में दालें, हरी सब्जियां आदि खाने की सलाह दी गई साथ ही सूखे मेवे दूध आदि खाने की सलाह दी गई, मौसमी बीमारियों से बचने की सलाह दी गई। शिविर में डॉक्टर विकलेश जाटव द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं रमेश कुमार गुजराती प्रभारी शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय खड़ेर द्वारा बच्चों को निशुल्क दवाइयां वितरित की गई। साथ ही अन्य सहयोग किया गया। शिविर में शासकीय विद्यालय प्राचार्य आरके जाटव सहित समस्त स्कूल स्टॉफ उपस्थित था। शिविर में 64 बालक बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## रात्रि के समय लोडिंग ट्रक ने रोटरी को किया क्षतिग्रस्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को रात्रि के समय एक लोडिंग ट्रक ने नेहरु चौक की रोटरी को टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 9927 जो बोरों से भरा हुआ था। ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक ट्रक चलाते हुए रोटरी को टक्कर मार दी, जिससे रोटरी का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। उल्लेखनीय है कि इस मार्ग पर एक सप्ताह के अंदर यह दूसरी घटना है।

इससे पहले शनिवार को भी अल सुबह लगभग 4 बजे अंबेडकर चौक पर काले रंग की स्कार्पियो कार क्रमांक एमपी 40 सीए 1116 अज्ञात कारणों के चलते डिवाइडर से टकरा गई थी। जिससे रैलिंग क्षतिग्रस्त हो गई थी वहीं कार का पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी और जांच पड़ताल की थी। ज्ञात हो कि नगर के मुख्य मार्गों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में दो पहिया, चार पहिया एवं भारी वाहन चालक लापरवाही ढंग से तेज गति में वाहन चलाते हैं। जिसके चलते आए दिन नगर में वाहन दुर्घटनाएं घटित होती रहती हैं। जिसमें वाहन चालक और पैदल राहगीर घायल हो रहे हैं।

### गीता जयंती महोत्सव पर हो रहा आयोजित




**गंजबासौदा।** सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित 5 दिवसीय गीता जयंती महोत्सव के तृतीय दिवस पर इस्कॉन राऊ से पधारे श्रीपाद माधव कुमार प्रभु ने गीताजी के माध्यम से बताया कि भगवान श्री कृष्ण भगवद गीता में 4 महत्वपूर्ण योग पद्धतियां बताते हैं। जिनसे हम परम भगवान को प्राप्त कर सकते हैं। इन चारों योग प्रक्रियाओं में सबसे सरल एवम भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अनुमोदित भक्तियोग कलियुग के जीवों के लिए करने योग्य सबसे सरल पद्धति है। कथा विराम के समय सब भक्तों ने भावपूर्ण हरे कृष्ण कीर्तन का आनन्द लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे।

कोरोना वैरिएंट जेएन डॉट वन से लड़नें के लिए की पूरी तैयारी

# सिरोंज में अब ऑक्सीजन की कमी से नहीं होंगी मौतें

## ऑक्सीजन प्लांट में 250 लीटर पर मिनट बनेगी ऑक्सीजन, आस-पास के क्षेत्रवासियों को भी मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज में अब कोरोना या कोई भी बडी बीमारी से किसी की मौत नही होगी। इसके लिए सिरोंज एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि देष में इस समय कोरोना वायरस जैसे ही वैरिएंट जे एन डॉट वन का संकमण फैलता दिखाई दे रहा है। इसके लिए स्थानीय प्रषासन ने शासकीय राजीव गांधी चिकित्सलय में इस खतरनाक बीमारी से लडनें के लिए पहले से ही व्यापक व्यवस्थाए कर ली है। सिरोंज में ऑक्सीजन प्लांट व कोरोना वार्ड,कोरोना किट आदि आवष्यक तैयारिया कर ली गई है।

### अब नही होगी ऑक्सीजन की कमी से मौतें

एसडीएम हर्षल चौधरी का कहना है कि शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में बीएमओ डॉ विकास बघेल को निर्देष दिए थें और उन्होने निर्देषों के पालन में ऑक्सीजन प्लांट की पूरी तैयारिया कर ली है। साथ ही जो तकनीकि परेषानिया थी उसके लिए वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराकर शीर्घ ही उन परेषानियों को निराकरण किया जा रहा है। ऑक्सीजन प्लांट में 250 लीटर पर मिनट ऑक्सीजन बनती है। पिछले कोरोना काल में जैसे कि लोगो ने बताया ऑक्सीजन की कमी के कारण कई मौते हो गई थी और परिजनों द्वारा मरीज के लिए ऑक्सीजन के लिए दर दर भटकना पड रहा था और उस समय कही भी ऑक्सीजन नही मिल पा रही थी। कई नागरिक भोपाल,विदिषा,गुना आदि अन्य बडें शहरो से ऑक्सीजन लाने का प्रयास करते थें। उस विषम परिस्थितियों में कही पर ऑक्सीजन मिल पाती थी तो कही पर ऑक्सीजन नही पाती मिलती थी। ऐसे संकट के समय में ऑक्सीजन नही मिलने के कारण कई मरीजों की मौत हो जाती थी। लेकिन अब सिरोंज अस्पताल में अब ऑक्सीजन प्लांट लगने के बाद पर्याप्त मात्रा में मरीजो को ऑक्सीजन मिल पाएगा। वही उन्होने कहा कि हम पूरी कोषिष करेगें कि इस ऑक्सीजन प्लांट से सिरोंज ब्लॉक तो लाभांवित होगा ही साथ में लटेरी व अन्य




आसपास के क्षेत्रवासियों को भी इस ऑक्सीजन प्लांट का फायदा मिल पाए।

### वैरिएंट जेएन डॉट वन से प्रशासन के पूरे विभाग लड़ेंगे लड़ाई

एसडीएम हर्षल चौधरी ने कहा कि यदि वैरिएंट जे एन डॉट वन जैसी खतरनाक बीमारी हमारे शहर में दस्तक देती है तो स्वास्थ्य विभाग की इसमें अहम भूमिका रहेगी। साथ में स्थानीय प्रषासन के अलावा अन्य शासकीय विभाग जैसे कि नगर पालिका,राजस्व विभाग,जनपद पंचायत,षिक्षा विभाग,कृषि विभाग,सिचाई विभाग,पुलिस विभाग,वन विभाग आदि विभाग भी सहयोग के रूप इस खतरनाक बीमारी से लडाई लडनें में स्वास्थ्य विभाग के साथ खडें रहेगें।

### बीएमओ डॉ विकास बघेल ने शहरवासियों से की अपील

शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय में पदस्थ बीएमओ डॉ विकास बघेल ने कहा कि इस खतरनाक बीमारी से लडाई लडने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली। विभाग के पास ऑक्सीजन प्लांट के अलावा ऑक्सीजन के खाली सिलेंडर भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। इसी के साथ दवाईया व अन्य सामग्री की भी व्यवस्थाए पूरी कर ली गई। वही उन्होने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि वैरिएंट जे एन डॉट वन बीमारी के लक्षण किसी व्यक्ति में पाए जाते दिखाई दे तो उक्त व्यक्ति को जल्द से जल्द शासकीय अस्पताल में उपचार के लिए लेकर आए। उक्त बीमारी के लक्षण जैसे कि बुखार,थकान,नाक बहना,गले में खराश,सिरदर्द,खांसी,कंजेशन आदि लक्षण पाए जाते दिखाई दे रहे है। वही उन्होने कहा कि कोरोना वायरस ने पिछले दो सालों में पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया था. लाखों लोगों की इससे जान गई. बहुत से लोग अपनों को खो बैठे. इस वायरस की वजह से सबकुछ बंद हो गया था. लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हो गए थे. बाहर निकलना मुश्किल हो गया था. मास्क पहनकर रहना पड़ता था. ये सब बहुत मुश्किल भरा समय था. उस समय की दहशत की यादें अभी भी हमारे मन से जाती नहीं हैं. हम डरते हैं कि कहीं फिर से वैसा वक्त न लौट आए. अचानक फिर से कोरोना जैसा एक नया वेरिएंट फिर से मिला है. इससे सब फिर से डर गए हैं. सरकार फौरन कदम उठा रही है जिससे की वह बीता हुआ काल वापस न आए।

मुख्य बाजार में आज चलेगी मुहिम

# नई बस स्टेंड पर एसडीएम, एसडीओपी की मौजूदगी में नपा ने हटाया स्थाई अतिक्रमण

## खींची गई लाइन के बाहर सामान रखने वालों पर की जाएगी कार्यवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर पालिका परिषद ने एसडीएम हर्षल चौधरी एंव एसडीओपी उमेष तिवारी की मौजूदगी में नया बस स्टेण्ड पर स्थाई एंव अस्थाई अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही काफी लंबे समय तक चली।

उल्लेखनीय है कि काफी लंबे समय से अतिक्रमण मुहिम नपा द्वारा चलाई जा रही है हमेषा अतिक्रमण मुहिम चलती थी लेकिन वह मुहिम नाम मात्र का अतिक्रमण हटाकर मुहिम बंद कर दी जाती है। लेकिन नगर पालिका के प्रभारी सीएमओ राम प्रकाष साहू के पदभार ग्रहण करने बाद नगर पालिका के कार्यो में गति देखी जा रही है। वही शहर में स्वच्छता व सौदर्यकरण आदि मामलों में शहर काफी हद तक सुंदर



होता दिखाई दे रहा है। प्रभारी सीएमओ राम प्रकाष साहू कहना है कि माननीय विधायक उमाकांत शर्मा जी के निर्देषानुसार शहर को सुंदर और स्वच्छ बनाया जा रहा है। उनकी यह भी मंषा है कि सिरोंज का विकास सौदर्यकरण हो।

### आज से हटेगा मुख्य बाजार का अतिक्रमण

मुख्य नगर पालिका अधिकारी राम प्रकाष साहू ने बताया कि आज से हम नगर के मुख्य बाजार में अतिक्रमण मुहिम चलाकर अतिक्रमण पर कार्यवाही करेगें। इस संबंध में हमने व्यापारियों को दो दिन पूर्व से लाउडस्पीकर के माध्यम में अवगत करा दिया गया है। जो पूर्व में हमने मुख्य बाजार में नालियों के पास एक लाइन खीचे थी उस लाइन के अंदर ही व्यापार अपनी दुकान का सामान रख सकते है। यदि नपा द्वारा खीचें कई लाइन के बाहर किसी व्यापारी द्वारा सामान रखा जाता है तो वह अतिक्रमण की परिधि में आता है। यदि दुकानदार लाइन के भीतर अपना सामान रखेगें तो जाम,साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं का सामना आम नागरिको को नही करना पडेगा। क्योकि नगर का मुख्य बाजार भी काफी सकडा है व्यापारियों से हमने अपील की है कि नालियों के ऊपर फोलडिग वाली जाली लगवाए जिससे कि साफ कर्मचारियों को भी सफाई करने में आसानी हो।

# भगवान जगन्नाथ स्वामी की यात्रा के 11 दिन पूर्ण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

श्री महंत 108 श्री मनोहर दास जी महाराज के सानिध्य में उड़ीसा जगन्नाथ पुरी से भगवान जगन्नाथ स्वामी,भाई बलभद्र,बहन सुभद्रा जी के विग्रह को लेकर गंजबासौदा नौलखा मंदिर खालसा बेतवा घाट पर केलेवर के लिए लेकर आ रहे हैं यह यात्रा 12 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे के आसपास पूजन महाप्रसाद वितरण कर जगन्नाथपुरी से प्रारंभ की गई थी। वही इस यात्रा के गुरूवार को पूरे 11 दिन पूर्ण हो गए है। लगभग 300 किलोमीटर यात्रा भक्त पूरी कर चुके है। वही 12 सौ किमी की यात्रा पूर्ण कर यह भक्त बासौदा पहुचेगें। इस यात्रा में बासौदा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो के भक्तगण के साथ सिरोंज से वरिष्ठ समाजसेवी रघुवीर प्रजापति भी शामिल है यह यात्रा 22 जनवरी 2024 को बासौदा पहुचेगी।

आखिरकार प्रशासन ने की नियुक्ति

# शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में मनोज शर्मा बने प्रभारी प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज




शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 73 दिनों से प्राचार्य का खाली पद होने के कारण स्कूल की षिक्षण कार्य के अलावा संकुल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले स्कूल एंव षिक्षको को काफी परेषानियों का सामना करना पड रहा था।

इस मामले को लेकर हरिभूमि ने 20 दिसम्बर 2023 को प्रकाषित समाचार शासकीय कन्या हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 73 दिनो से नही है कोई प्राचार्य शीर्षक से प्रकाषित किया था।

खबर का असर

इस विषय को जिला षिक्षा अधिकारी जीपी राठी के संज्ञान में आते ही उन्होने प्रभारी प्राचार्य के रूप में उक्त स्कूल में मनोज शर्मा की नियुक्ति की गई। साथ ही पत्र उल्लेख किया गया कि शासकीय उ.मा वि कन्या सिरोंज संकुल में प्राचार्य का पद रिक्त होने से मनोज कुमार शर्मा उच्च पद प्रभार प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल ईमलानी को अपने कार्य के साथ शासकीय कन्या संकुल सिरोंज का प्राचार्य नियुक्त किया जाता है। उक्त नियुक्ति होने से जहा महिला षिक्षिकाओं ने राहत की सांस ली तो वही अन्य षिक्षको को भी राहत मिली।


आखिर कब होगी प्राचार्य की नियुक्ति, तीन हजार बच्चे करते हैं अध्ययन

शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में 73 दिनों से नहीं है कोई प्राचार्य

क्योकि संकुल के अंतर्गत आने वाले चथुर श्रैणी कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन नही मिला था और संकुल के अंतर्गत आने वाले कई षिक्षक भी काफी परेषान थें। वही श्री शर्मा की नियुक्ति से सभी षिक्षकों में हर्ष की लहर दौड़ गई।

# भगवान के जाप से व्यक्ति के जीवन में पाप और क्लेश समाप्त हो जाता हैः शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

नगर के तलैया मोहल्ला शंकर भगवान मंदिर पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी भागवत कथा में धूम धाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया।

कथा वाचक पंडित बद्री प्रसाद शास्त्री महाराज ने कहा कि मनुष्य की परीक्षा लेने जीवन में अच्छे व बुरे दिन प्रभु की कृपा से ही आते हैं जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ, जेल के ताले टूट गए। कलयुग में भागवत की कथा सुनने मात्र से हर प्राणी को मोक्ष की प्राप्ति होती है। भागवत कथा एक ऐसी कथा है जिसे ग्रहण करने मात्र से ही मन को शांति मिलती है। भागवत कथा सुनने से अहंकार का नाश होता है। भगवान के जाप से व्यक्ति के जीवन में पाप



और क्लेश का समापन होता है। भगवान नाम का भजन और सुमिरन ही कलयुग में एक मात्र सहारा है। भगवान के पावन नामों का आश्रय भगवान की कृपा दिलाता है। श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जन्म पर भक्ति भजनों पर नृत्य किया, आरती कर प्रसादी वितरण की गई।

# एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा एनसीसी, एनएसएस के विद्यार्थियों को शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आपदा प्रबंधन का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया। कार्यपालन संचालक आपदा प्रबंध रविन्द्र सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में संयुक्त संचालक डा जॉर्ज व्ही. जोसेफ ने बताया कि हम प्राकृतिक आपदा को आने से रोक नहीं सकते लेकिन पर्याप्त जानकारी होने पर हम उसका प्रबंध कर सकते हैं जिससे जान माल का कम से कम नुकसान हो। कमान्डेंट होम गार्ड संतोष शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

प्राचार्य डॉ. संजीव दुबे ने कहा कि भारत जैसे देशों में आपदा प्रबंधन के ऐसे कार्यक्रमों की नितांत



आवश्यकता है। साथ ही स्नातक स्तर पर पाठ्यक्रम को भी इसको शामिल किया जाना चाहिए। डॉ. अमर कुमार जैन ने कहा कि ज्ञान व ऊर्जा के सामन्जस्य से ही आपदा प्रबंधन का कार्य हो सकता है। जापान जैसे देशों में जहां दिन में अनेक बार भूकंप आते हैं व्यक्तियों ने अपनी इच्छा शक्ति से इस पर विजय पाई है।

तकनीकी विशेषज्ञ अभिषेक मिश्रा ने आपदा प्रबंधन कार्यशाला का एसडीईआरएफ की टीम ने विद्यार्थियों को डिजास्टर मैनेजमेंट से संबंधित प्रशिक्षण सब इंस्पेक्टर विनीत तिवारी द्वारा दिया गया।

## स्कूल से लौट रही नाबालिग से 7 युवकों ने किया गैंगरेप

**सागर।** सागर के शाहगढ़ थाना क्षेत्र में स्कूल की छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है. पीड़िता अपनी सहेली के साथ स्कूल से घर जा रही थी, इसी दौरान रास्ते में साथ सात युवक उसके साथ अश्लील हरकतें शुरू कर दीं। यह देख उसकी सहेली वहां से भागने में सफल हो गई, लेकिन पीड़िता मनचलों की गिरफ्त में आ गई। घटना के बाद नाबालिग अपने घर पहुंची और इस पूरे घटनाक्रम को अपने दादा-दादी को बताया। उसके बाद पीड़िता के मां-बाप जोकि दिल्ली में मजदूरी करते हैं, वह इस घटना की सूचना पाकर घर पहुंचे। पीड़िता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार युवकों को हिरासत में लिया है, जबकि तीन युवकों की तलाश कर रही है ।



# देवर-ससुर ने महिला के गले में मारे चाकू, ससुर और देवर गिरफ्तार

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढ़ाकोटा के राम वार्ड में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है । जहां पर घरेलू विवाद के चलते ससुर और देवर ने एक महिला पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल महिला को बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज सागर रैफर किया गया है। जानकारी के अनुसार अंजु पति अनिल कोरी पर ससुर बंशीधर कोरी, देवर राजकुमार कोरी ने घर के बाहर निकलने वाले रास्ते को लेकर विवाद हो गया। जिसमें ससुर और दो देवर के द्वारा चाकू से गले में आधा दर्जन वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अंजु घटना वाले दिन ही अपने मायके रहली से गढ़ाकोटा आई थी। थाना प्रभारी रजनीकांत दुबे ने बताया कि घरेलू विवाद के चलते ससुर और दो देवर ने महिला पर चाकुओं से वार कर दिया जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है महिला को उच्च इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है तथा ससुर और एक देवर गिरफ्तार कर लिया गया है तथा एक देवर फरार है । जिसकी तलाश की जा रही है तथा धारा 307 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# बाड़ी जनपद की ग्रापं में रिक्त 352 पंच पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी

## आज पंच के लिए नामांकन जमा करने का आखिरी दिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बाड़ी जनपद पंचायत जिसके अंतर्गत 106 ग्रापं आती है। 2022 में त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव की प्रक्रिया सम्पन्न हुई थी। उक्त निर्वाचन के दौरान पंचों के सैकड़ों पद रिक्त रहे गये थे। एक बार पूर्व में भी निर्वाचन की प्रक्रिया हो चुकी है। इसके बाद पूर्व में भी निर्वाचन की प्रक्रिया हो चुकी है। इसके बाद भी विभिन्न ग्रापं में 352 पंचों के पद रिक्त बने हुए हैं। जिनके निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। पंच पद के लिए आज 22 दिसम्बर को जांच एवं 26 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी।

2022 में ग्रापं के सरपंचों, पंचों और बाड़ी जनपद के 25 सदस्यों की निर्वाचन प्रक्रिया हुई। नामांकन पत्र जमा करने में बिजली पानी इत्यादि का बोवाकी प्रमाण पत्र जमा करने की अनिवार्यता के कारण लगभग 7-8 पंच पद रिक्त रह गए थे। पंच बनाने में ग्रामीणों की रूची न होने और सरपंच, जनपद सदस्य के समान सभी औपचारिकताएं पूर्ण करना है। पंचों का महत्व सिर्फ बैठकों में सम्मिलित होने तक रहने की स्थिति रहती है।




जहां चुनाव वहां लगी अचार संहिता-बाड़ी जनपद की जिन ग्रापं में पंचों के रिक्त पदों की पूर्ति के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू होते ही आचार संहिता भी लागू हो गई है। नामांकन पत्र जमा करने की आज अंतिम तिथि है। जहां पंचों के चुनाव हो रहे है। ऐसी ग्रापं में शीत के प्रकोप के बीच भी चुनावी गर्मी बनी हुई है। पंचों के लिए कम संख्या में अभी तक नामांकन जमा हुए है। आज आखिरी दिन सर्वाधिक फार्म जमा होने की उम्मीद है। अधिकांश पंच पद निर्विरोध होने की संभावना और चर्चा बनी हुई। जहां पंच के लिए एक से अधिक उम्मीदवार होने पर 5 जनवरी को मतदान प्रक्रिया होगी।

## सर्द मौसम और शीत के प्रकोप से मरीजों की संख्या बढ़ रही

बरेली। जिस प्रकार पिछले 4-5 दिनों से ठण्ड का प्रकोप बढ़ा है तापमान में भारी गिरावट आई है उसी अनुसार तेजी से शीत जनित बीमारियों से पीड़ितों की संख्या बढ़ रही है। सरकारी अस्पताल, प्रायवेट डाक्टरों के यहां सुबह से ही बीमारों की भीड़, लाइने लगना शुरू हो रही है। विन्ध्य और सतपुड़ा पर्वत श्रेणियों के बीच माँ नर्मदा के आंचल में बसा यह क्षेत्र कृषि प्रधान है। गर्मी के दिनों में न अधिक गर्मी और शीत काल में न अधिक शीत का प्रकोप रहता है। कारण बारना बांध का विशाल जलाशय और वृक्षों वाली पर्वत श्रेणियां हैं। पिछले 4-5 दिनों से रात का पारा 10 डिग्री तक लुड़क जाने और सुबह से दोपहर तक सर्दी ही सर्दी बनी रहने के साथ शाम का अंधेरा छाते ही पुनः शीत का प्रकोप बढ़ जाना। कभी कभार ऐसा शीत प्रकोप पूर्व के वर्षों में रहा परंतु लगातार एक सा बना मौसम शीत जनित बीमारी विशेष कर सर्दी जुकाम, बदनदर्द, बुखान पीड़ित होने का कारण बन रहा है। शीत के प्रकोप और जोर के कारण सबसे अधिक प्रभाव बच्चों, बुजुर्गो और घरों में ही बनी रहने वाली महिलाओं पर पड़ रहा है।

# अभियान के जरिए किसान संघ रायसेन जिले में बनाएगा सवा लाख सदस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

रामलीला मैदान में भारतीय किसान संघ की जिला बैठक प्रांतीय संगठन मंत्री मनीष शर्मा की विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुई। मुख्य वक्ता, प्रांत संगठन मंत्री मनीष शर्मा ने कहा कि यह वर्ष किसान संघ की समस्यता का वर्ष है। 15 दिसम्बर से 15 जनवरी तक रायसेन जिले में किसान संघ का सदस्यता अभिरयान चला कर सवा लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

संगठन मंत्री शर्मा ने कहा कि संपूर्ण भारत में किसान केन्द्र बिन्दु बना है। सामाजिक क्षेत्र में सभी लोग किसानों को आशा भरी नजरों से देख रहे है। हमे अपने सामाजिक दायित्व को पूर्ण करते हुए लोगों की भावनाओं पर खरा उतरना है। हमें शक्ति प्रदर्शन करके भी दिखाना है। सदस्यता अभियान में पूर्ण समर्पित होकर कार्य करने का शर्मा ने सभी



से आग्रह किया। कहा कि हर वह व्यक्ति जो अन्न ग्रहण करता है वह किसान संघ का सदस्य हो सकता है सभी व्यक्ति किसान संघ के सदस्य बन सकते है।

संपूर्ण जिले में तहसीलों को लक्ष्य देकर योजना बना कर सदस्यता अभियान हेतु टीमों का गठन किया गया। बड़े नगरों के प्रमुख मंदिरों के भगवान की सदस्यता करके ढोल बाजों के साथ संपूर्ण नगर की सदस्यता की योजना बनाई गई। अभियान प्रभारी गोविंद सिंह ठाकुर के साथ जिले के विभिन्न स्थानों से आए किसान संघ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। प्रांत कार्यकारणी सदस्य केशर सिंह पटैल, संभाग उपाध्यक्ष नारायण पनारिया, जिला अध्यक्ष संतोष पटेल कोषाध्यक्ष भगवान सिंह ठाकुर, बाड़ी तहसील अध्यक्ष भारतराज ठाकुर, बरेली तहसील अध्यक्ष पृथ्वीपाल सिंह, उदयपुरा तहसील अध्यक्ष मनोहर लाल, जिला मंत्री मिठ्ठूलाल मीणा, सहमंत्री महेन्द्र रघुवंशी के साथ विभिन्न स्थानों से आए किसान संघ के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## द्वादश ज्योतिर्लिंग की कथा के साथ में हुआ शिव महापुराण कथा का भव्य समापन

**सागर।** पीटीसी ग्राउंड में चल रही श्री शिव महापुराण के विश्राम दिवस में बापूजी ने द्वादश ज्योतिर्लिंगों की कथा का रसपान कराया और कहा कि जो भी मनुष्य अपने जीवन में इन द्वादश ज्योतिर्लिंग का दर्शन करता है साक्षात भगवान शिव के धाम में रहने का उसको फल प्राप्त होता है। 12 ज्योतिर्लिंग भगवान शिव का ही स्वरूप है और स्वयं भगवान शिव न ही उसको स्थापित किए हैं या स्वयं शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए हैं। इसलिए द्वादश ज्योतिर्लिंग की महिमा का गान करते हुए बापूजी ने अंतिम सत्र में काशी क्षेत्र की महिमा का वर्णन किया और कहा कि जिस व्यक्ति का देहांत काशी क्षेत्र में हो जाए वह साक्षात भगवान शिव के धाम को जाता है। चाहे वह कितना भी पापी हो। लेकिन यदि वह काशी में उसकी मृत्यु होती है तो वह शिव के धाम में ही वास करता है।

## खबर संक्षेप

### सांसद आज ग्राम पैमत में कार्यक्रम में होंगे शामिल

**रायसेन।** विदिशा-रायसेन सांसद रमाकांत भार्गव 22 दिसंबर को जिले के ग्राम पैमत में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। सांसद 22 दिसंबर को प्रातः 11.45 बजे भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 1 बजे रायसेन तहसील के ग्राम पैमत पहुचेंगे तथा स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके उपरांत सांसद श्री भार्गव अपरान्ह 3 बजे ग्राम पैमत से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### अधिकारी-कर्मचारी 22 को लेंगे सुशासन की शपथ

**रायसेन।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदण्डों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए उनके जन्म दिवस 25 दिसम्बर के एक दिवस पूर्व 24 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। 24 दिसम्बर को रविवार तथा 23 दिसंबर को शनिवार एवं शासकीय अवकाश होने के कारण 22 दिसंबर को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों, कर्मचारियों को प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं नागरिक के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने की शपथ दिलाई जाएगी।

### दिव्यांगों को बस किराये में रहेगी 50 प्रतिशत छूट

**रायसेन।** राज्य शासन ने प्रदेश की सभी प्रक्रम बस सेवाओं में दिव्यांग व्यक्तियों को 50 प्रतिशत छूट देने के निर्देश दिये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को यूडीआईडी कार्ड दिखाने पर यह छूट मिल जायेगी। परिवहन आयुक्त द्वारा प्रदेश के सभी क्षेत्रीय, अतिरिक्त क्षेत्रीय एवं जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिये गये हैं। दिव्यांग व्यक्ति को दिव्यांगजन सक्षम प्राधिकारी के प्रमाण-पत्र के रूप में केन्द्र या राज्य शासन द्वारा जारी यूनीक डिसऐबिलिटीज आई.डी. कार्ड प्रस्तुत करने पर किराये में 50 प्रतिशत छूट का लाभ दें।केन्द्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा यूनीक आई.डी. फॉर पर्सन विद डिसऐबिलिटीज (यूडीआईडी) प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है। इसमें दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड दिये जा रहे हैं। कार्ड से दिव्यांग केन्द्र एवं राज्य शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं। यूडीआईडी कार्ड निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।

## निर्माण एजेंसी के काम में बेहतर गुणवत्ता का रहा अभाव

# हिंगलाज मंदिर सड़क निर्माण में नहीं गुणवत्ता, निरीक्षक व जिम्मेदार गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

हिंगलाज सड़क निर्माण कार्य गति पर है, लेकिन लाखों रुपए की इस योजना में निरीक्षण और निगरानी करने वाले अधिकारी दिखाई नहीं दे रहे हैं। जमीनी हकीकत नहीं रखने के कारण शासन को लाखों का चूना लग रहा है, जिस तरह निर्माण की गुणवत्ता है उसे देखा जाना चाहिए कि कार्य आदेश में दिए गए निर्माण संबंधित दिशा निर्देशों का पालन हो रहा है या नहीं।

लेकिन इस हेतु जो निर्माण की जमीनी हकीकत और वाउचर में शान मापदंड द्वारा सामग्री का उपयोग किया गया या नहीं घटिया स्तर की सामग्री और अच्छे दामों के बिल बनाने की परंपरा रही है। यदि ऐसा ही होता है तो सड़क निर्माण की स्थिति काफी नाजुक हो सकती है, क्योंकि यह धार्मिक स्थल का मार्ग है। इस पर अधिकारों को गुणवत्ता देखनी होगी। बाड़ी नगर के पुराने इतिहास को देखा जाए तो यहां पर ठेकेदार ही इंजीनियर की भूमिका में नजर आते है।

यदि ऐसा हुआ तो फिर लाखों रुपए की यह सड़क एक बार फिर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएगी इस हेतु निर्माण एजेंसी के कार्य को वरिष्ठ अधिकारी को मौके पर निरीक्षण कर जमीनी हकीकत को देखना होगा क्योंकि निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार जमीनी स्तर पर ही किया जाता है जिससे मजबूत सड़क का सपना साकार नहीं होता इस समय निर्माण कार्य प्रगति पर है और जमीनी हकीकत को देखने की जरूरत है । क्योंकि इस निर्माण में लाखों लोगों की आस्था जुडी हुई यह विश्व प्रसिद्ध हिंगलाज मंदिर जाने वाला मार्ग है जहां पर नगर परिषद जनप्रतिनिधियों को भी इस निर्माण कार्य में नजर रखनी होगी क्या है निर्माण कार्य के लिए गठित निर्माण समिति की रिपोर्ट देखी जाए और निर्माण समिति साइड रिपोर्ट का प्रसारण किया जाए तो वास्तविकता जनता के सामने आएगी।



### आगाज तो अच्छा है अंजाम हिंगलाज जाने

*हिंगलाज सड़क निर्माण का आगाज अच्छा हुआ है लेकिन निर्माण एजेंसी इसे कैसा अंजाम देगी इस पर लोगों को थोड़ा इंतजार करना चाहिए क्योंकि हिंगलाज भक्तों को बड़ी सौगात मिली है लेकिन निर्माण एजेंसी के पुराने रिकॉर्ड को देखने के बाद लोगों का विश्वास का दामा डोल हो रहा है क्योंकि अभी तक निर्माण एजेंसी में नगर विकास में जो काम किया है उसमें गति अच्छी रही गुणवत्ता नहीं रही अब इस निर्माण कार्य का आगाज क्या होगा इस पर सबकी नजर है ।*

### जमीनी हकीकत देखने वाले नहीं

नगर पंचायत का रिपोर्ट कार्ड उठा कर देखा जाए तो यहां पर निर्माण एजेंसी के काम में बेहतर गुणवत्ता का अभाव रहा है। यदि निर्माण एजेंसी में बेहतर काम किया है तो निर्माण एजेंसी को बेहतर कार्य सम्मानित नहीं किया गया जिससे यह प्रतीत होता है निर्माण एजेंसी ही निर्माण कार्य में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

इंजीनियर साइट पर मौजूद नहीं है तो गुणवत्ता पर अनेक सवाल खड़े हो गए यानी निर्माण कार्य हो रहा है और जिम्मेदार गायब है यह एक तरीके से ठेकेदार को अपने हिसाब का काम करने की छूट है ।

### काम में गति अच्छी है

हिंगलाज मंदिर सड़क निर्माण की गुणवत्ता कैसी है यह तो जांच के बाद पता लगेगा क्योंकि अभी तक जमीनी जांच नहीं की गई है और सबको ज्ञात है निचले स्तर पर ही घोटाला होता है पर अभी तक नगर परिषद ने या जिम्मेदार अधिकारियों ने निर्माण कार्य की साइट रिपोर्ट जारी नहीं की है जिससे शंका का बाजार गर्म है।

## 20 वाहनों के लिए टेंडर हुए प्राप्त

# अवैध मदिरा ले जाने में लगे वाहनों की नीलामी संपन्न




◆ चयनित टेण्डर दाताओं के पक्ष में वाहन देने कार्यवाही प्रचलन में है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

अवैध मदिरा परिवहन में आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34-2 के अंतर्गत जप्त प्रयुक्त वाहनों के अंतिम आदेश उपरांत नीलामी की कार्यवाही गत दिवस कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा मनोनीत सदस्य डिप्टी कलेक्टर अमृता गर्ग के निर्देशन में सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती वंदना पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अन्य सदस्यों के समक्ष कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टेण्डरदाताओं की उपस्थिति में टेण्डर फार्म को खोलने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान 34 वाहनों के निविदा आमंत्रण में कुल 20 वाहनों के लिए टेण्डर प्राप्त हुए। समिति के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत टेण्डर फार्म खोलने एवं संलग्न दस्तावेजों की जांच करने पर 34 वाहनों की निर्धारित ऑफसेट प्राईज 16 लाख 31 हजार के विरूद्ध 19 वाहनों के लिए निर्धारित ऑफसेट प्राईज राशि 6 लाख 19 हजार के विरूद्ध प्राप्त उच्चतम ऑफर राशि 9 लाख 31 हजार 939 रू प्राप्त हुए, जो कि आफसेट प्राईज राशि से 50.5 प्रतिशत अधिक प्राप्त हुआ है।

कार्यवाही के दौरान एक टेण्डर फार्म खोले जाने पर निर्धारित ऑफसेट प्राईज राशि तीन लाख रुपए के विरूद्ध दिया गया ऑफर 31 हजार रू था, जो कि ऑफसेट प्राईज राशि से कम होने से समिति द्वारा अमान्य किया गया है। चयनित सफल टेण्डरदाताओं के पक्ष में वाहन दिए जाने के लिए कार्यवाही प्रचलन में है।

# उपराष्ट्रपति के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले विपक्षी नेताओं का भाजपाइयों ने जलाया 'पुतला'

## कांग्रेस पार्टी व टीसीपी कांग्रेस के खिलाफ लगाए मुर्दाबाद के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने विपक्षी दल कांग्रेस और टीसीपी कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए देश के उपराष्ट्रपति के खिलाफ अभद्र व्यवहार करने एवं टिप्पणी करने वालों का पुतला दहन किया एवं विरोध जताकर नारेबाजी की।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सागर भोपाल चौराहा पर पुतला दहन किया एवं पुतले को लात घुसो से मारा पीटा और विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने कहा कि हमारी पार्टी लोगों का सम्मान करना जानती है और अनुशासन में रहकर देश में राज कर सकती है।



उन्होंने कहा कि देश में लंबे समय तक कांग्रेस का राज रहा परंतु हमारे भाजपा के नेताओं ने कभी खराब व्यवहार नहीं किया, परंतु कांग्रेस अभद्रता करने पर उतारू है, इसे सहन नहीं किया जाएगा। देश के उपराष्ट्रपति के खिलाफ कांग्रेस पार्टी और टीसीपी कांग्रेस पार्टी के नेताओं राहुल गांधी और सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा टिप्पणी करते हुए जो अपमान किया है वह माफ करने लायक नहीं है। इस अवसर पर भाजपा नेता जमना सेन एवं राकेश तोमर ने भी विचार व्यक्त किए।

इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, भाजपा नेता धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना सेन, राकेश तोमर, राजकुमार यादव, बृजेश चतुर्वेदी, राजेश पंथी, संजू जाट, आदित्य शर्मा, लीला किशन मीणा, देवेंद्र यादव, महेश बॉस, शुभम उपाध्याय, कपिल पटेल, जगदीश अहिरवार सहित भाजपा मंडल ग्रामीण मंडल तथा नगर मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**एनजीटी एवं निकाय ने की संयुक्त चालानी कार्यवाही**

# एनजीटी आदेश के बावजूद भी शहर नहीं हुए पॉलीथिन मुक्त

## अपील- सामान लेने जाते समय कपड़े का झोला साथ लेकर जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग, विक्रय एवं भंडारण पुरतः प्रतिबंधित है प्रदेश को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अनेक निमय बनाए। इन नियमों की सख्ती से पालन हो, इसके लिए समय समय पर अधिकारियों की क्लास भी लगाई गई। लेकिन इसका असर कुछ नहीं दिखा।

इसके बावजूद नगर के बाजार, दुकानों में दुकानदार धड़ल्ले से पॉलिथीन का प्रयोग करते नजर आए। इस पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड मंडीदीप एवं नगर परिषद बाड़ी के संयुक्त दल द्वारा दिनांक 20 दिसम्बर को चलानी कार्यवाही की गई जिसमें 7 दुकानदारों पर पॉलीथिन जप्त कर स्पॉट फ़ाइन लगाया गया।




साथ ही आम नागरिकों से अपील की गई कि बाजार से सामान लेने जा रहे हैं तो कपड़े का झोला साथ ले जाने की आदत डाल लें। पॉलिथीन में सामान ले जाते पकड़े गए तो जुर्माना देना पड़ेगा। ऐसे में बाजार जाने से पहले कपड़े का थैला जरूर लेकर जाइए।

# टेबल टेनिस व बैडमिंटन में विक्रम-तारिक रहे विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय शासकीय कर्मचारी अधिकारी टेबल टेनिस एवं बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन सी एम राइज स्कूल में किया गया।

टेबल टेनिस का सेमीफाइनल मैच सिलवानी और बेगमगंज के मध्य खेला] जिसमें सिलवानी के खिलाड़ी मो. तारिक ने बेगमगंज के शाहबाज को 3-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में विक्रम ने तारिक को और सुनील कुमार रजक ने सहवाज को हराकर विजयी हुए। वहीं बैडमिंटन में सिलवानी ने गैरतगंज को और बेगमगंज ने देवरी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया जहां फाइनल में बेगमगंज सिलवानी को हराकर विजेता बनी। टेबल टेनिस टीम विक्रम सिंह ठाकुर गैरतगंज प्रथम, सुनील कुमार रजक गैरतगंज द्वितीय, तारिक खान तृतीय, चोथे स्थान पर शाहबाज खान बेगमगंज रहें।

बैडमिंटन में मो. तारिक खान सिलवानी प्रथम , अमित श्रीवास्तव बेगमगंज द्वितीय , जावेद खान सिलवानी तृतीय, और ललित साकेत बेगमगंज ने चौथा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि के रूप में आए एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने सभी विजेता उपविजेता टीमों को मेडल पहना कर सम्मानित किया। विगत वर्ष भोपाल संभाग को गोल्ड मेडल दिलाने वाले विक्रम सिंह ठाकुर का विशेष सम्मान एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव एवं संस्था प्राचार्य बीके सिंह चौहान द्वारा किया गया।

# रामलीला में 'सीता-स्वयंवर' की प्रस्तुति, श्रीराम ने तोड़ा धनुष

## धनुष भंग की खबर सुनते ही परशुराम गुस्से में आए, राजा जनक को सुनाई खरी-खोटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

श्री रामलीला महोत्सव के चलते गुरुवार को रामलीला मैदान में कलाकारों द्वारा सीता स्वयंवर एवं परशुराम लक्ष्मण संवाद की आकर्षक लीला का मंचन किया। इस दौरान लीला को देखने के लिए मैदान के हर तरफ दर्शकों की भीड़ लगी रही।

लीला के अनुसार जनकपुर के राजा जनक जी महाराज अपनी बेटी सीता के विवाह के





लिए सीता स्वयंवर का विशाल आयोजन रखते हैं। गुरु से आज्ञा लेकर भगवान राम उठते हैं और धनुष को अपने हाथों में उठाते हुए क्षण भर में तोड़ देते हैं।

जैसे ही धनुष टूटने की खबर परशुराम को मिलती है तो वह गुस्से में वहां पहुंचते हैं और कहते हैं कि यह धनुष किसने तोड़ा है उसको मैं नहीं छोड़ूंगा इस प्रकार से परशुराम गुस्सा होते हैं इस समय परशुराम और लक्ष्मण जी के बीच तीखा संवाद होता है।

## माताएं अपने बच्चों को भगत सिंह, राजगुरु जैसा महान व्यक्ति बनाएं : मुखरैया

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में किया गया मातृ गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

आज के बच्चे कल के महान व्यक्ति बनते है। आवश्यकता इस बात की है कि बच्चो को बेहतर शिक्षा दी जावे, उन्हे संस्कारित किया जावे। माता बालक की प्रथम गुरु होने के साथ ही प्रथम पाठशाला भी होती है। बच्चों को संस्कारित कर उच्चतम शिखर तक पहुंचाने में माता की भूमिका होती है।

यह उद्गार नगर सरस्वती शिशु विद्या मदिर में आयोजित मातृ गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रुप में मौजूद ब्रेनिएक्स स्कूल की प्रभारी प्राचार्य प्रियांशी रघुवंशी ने व्यक्त किए। यहां पर प्राचार्य शिवराज सिंह चौहान एवं अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मातृ गोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामाक्षा मुखरैया द्वारा की गई।

मुख्य अतिथि ने महिलाओं को समझाइस देते हुए कहा कि घर व बाहर के दायित्वों का निष्ठा पूर्वक निर्वाहण करने के साथ ही बच्चों के लिए भी समय देना भी आवश्यक है। बच्चों के साथ व उनके सामने

## बालकों से सहज, सरल एवं संस्कारित शब्दों से ही संवाद करें, ताकि बालक समझ कर उन शब्दों का उच्चारण करें: प्रियांशी रघुवंशी



शिष्ट, सभ्य भाषा में ही संवाद किया जावे। मातृ भाषा में ही बालक बेहतर पढ़ने के साथ ही उच्च पद तक का सफर पूर्ण कर सकता है। बालको से सहज, सरल व संस्कारित शब्दो से ही संवाद करे, ताकि बालक समझ कर उन शब्दो का उच्चारण करे। बच्चो को सदा प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि वह हीन भावना का शिकार ना हो सके बल्कि अल्पावस्था में मोबाइल से दूरी भी रखी जावे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही कामाक्षा मुखरैया ने संबोधन में कहा कि हम सभी को बेहतर कल के लिए आज को संभालना होगा। माताएं अपने बच्चों को भगत सिंह, राजगुरु, शिवाजी महाराज, चंदशेखर आजाद जैसा महान व्यक्ति बनावे। इन महापुरुषो को बनाने वाली ही मां ही थी। बच्चो को महापुरुषों की गाथाओ से अवगत करावे, ताकि उनमें देश भक्ति का विकास हो तथा वह सच्चे देष भक्त बने। भारतीय संस्कृति को बेहतर बनाने में आज के बच्चे ही सार्थक भूमिका निभा सकते है।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की प्रचार प्रसार प्रमुख साधना दीदी ने बताया कि कार्यक्रम में शिशु वाटिका के नन्हे मुन्हें बच्चों द्वारा मनमोहक नृत्यों की प्रस्तुति की गई व द्वादश की बहनों द्वारा सरस्वती वंदना स्वागत गीत गाया गया।

कार्यक्रम में माताओं के लिए विशेष खेल भी रखे गए व विजेता माताओं के लिए पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में सभी माताओं व अतिथिओ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक वंदना दीदी, सुनीता दीदी, माधुरी दीदी, नीतू दीदी, रूपवती दीदी, जया दीदी, प्राची दीदी, नंदनी दीदी, साधना दीदी व मिश्रा दीदी उपस्थित रही।

## कलाकारों द्वारा प्रतिभागिता की जाएगी

# जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव 23-24 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय वर्चुअल युवा उत्सव वर्ष 2023-24 का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायसेन के तत्वाधान में जिला खेल परिसर रायसेन में किया जायेगा। जिसमें जिले के 7 विकासखण्डों सांची, सिलवानी, गैरतगंज, बेगमगंज, उदयपुरा, बाडी, औबेदुल्लागंज प्रतिभावान कलाकारो के द्वारा प्रतिभागिता की जावेगी।

जिला एवं संभाग स्तर पर युवा उत्सव का आयोजन वर्चुअल किया जावेगा एवं संभाग स्तर पर चयनित दल राज्य स्तर पर भौतिक रूप से अपनी प्रस्तुति देगा। जिला स्तरीय युवा उत्सव में 29 वर्ष तक की आयु वर्ग के युवक-युवतियॉं भाग ले सकेगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव में 8 विधाओं यथा लोकगीत (10 प्रतिभागी), लोकनृत्य (10 प्रतिभागी), एकल लोकनृत्य (5 प्रतिभागी), एकल लोकगीत (10 प्रतिभागी), कहानी लेखन(3 प्रतिभागी), पोस्टर मेकिंग (2 प्रतिभागी), भाषण (2 प्रतिभागी) एवं फोटोग्राफी (2 प्रतिभागी) में प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है।

युवा उत्सव वर्चुअल आयोजन में प्रतिभागी युवा उत्सव के नियम एवं दिशा-निर्देशानुसार अपने प्रदर्शन का वीडियो बनाकर 26 जनवरी को सायं 5 बजे तक खेल परिसर कार्यालय रायसेन को भेज सकते हैं। इन्ही वीडियो में से जिला स्तरीय निर्णायक समिति विजेता प्रतिभागी को संभाग स्तरीय दल के लिये चयनित करेगी।